इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजूकेशन, (आई0ए0एस0ई0), प्रयागराज

# वित्तीय वर्ष 2023–24 में संस्थान द्वारा सम्पादित किये गये प्रशिक्षण एवं गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट

- ## माध्यमिक स्तर की शिक्षक संदर्शिकाओं का निर्माण पूर्ण करना एवं सम्पादन करना

महानिदेशक महोदय, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ के मार्गदर्शन में **आई0ए0एस0ई0, प्रयागराज** द्वारा माध्यमिक स्तर **कक्षा 09 व 10 गणित, अंग्रेजी, विज्ञान एवं कक्षा 11 व 12 गणित, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान की शिक्षक संदर्शिका** का कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23 के दिसम्बर माह से प्रारम्भ किया गया था, जिसे वित्तीय वर्ष 2023–24 में पूर्ण किया गया। शिक्षक संदर्शिका निर्माण में प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त प्रवक्ताओं/एसोसिएट प्रोफेसर/प्रोफेसर एवं सहायक अध्यापकों का विषय–विशेषज्ञ के रूप में सहयोग लिया गया। इस गतिविधि के अन्तर्गत **कक्षा 09 व 10 गणित, अंग्रेजी, विज्ञान एवं कक्षा 11 व 12 गणित, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान की शिक्षक संदर्शिकाओं का निर्माण, सम्पादन पूर्ण किया गया है। कक्षा 11 व 12 की शिक्षक संदर्शिकाओं के पुनरीक्षण का कार्य** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ कार्यालय में पुनरीक्षण मण्डल द्वारा सम्पन्न किया जा चुका है। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा अन्तर्गत **कक्षा 09 व 10 गणित, अंग्रेजी, विज्ञान की शिक्षक संदर्शिकाओं का विमोचन भी किया जा चुका है।**







प्रातःकाल एक्सप्रेस

**यूपी बोर्ड के स्कूलों में हर दिन का तैयार हो रहा पाठ्यक्रम**

– डीजी के निर्देश पर शिक्षकों के लिए आइएएसई बना रहा संदर्शिका

–पूर्व निर्धारित रहेगा कि किस दिन कितना पाठ्यक्रम पढ़ाया जाना है

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के विद्यालयों में शिक्षकों की जिस दिन जितना मन हुआ, उतना ही पढ़ा देने की व्यवस्था शैक्षिक सत्र 2024–25 से खत्म हो जाएगी। विद्यालयों में विषयवार शिक्षक को किस दिन कितना पाठ्यक्रम पढ़ाना है, यह सब पहले से ही निर्धारित कर दिया जाएगा। इसके लिए शिक्षक संदर्शिका का निर्माण किया जा रहा है। इस संदर्शिका का निर्माण इंस्टीट्यूट आफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजूकेशन (आइएएसई) प्रयागराज कर रहा है। इसमें दिन प्रतिदिन (डे–बाइ–डे ) पढ़ाने का अध्याय निर्धारित करने के साथ पढ़ाने के तरीके का भी समावेश किया जा रहा है।


इस अभिनव प्रयोग की तैयारी महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद के निर्देश पर आइएएसई के प्राचार्य संतराम सोनी की देखरेख में की जा रही है। यह शिक्षक संदर्शिका अलग–अलग कक्षाओं के लिए निर्धारित पाठ्यपुस्तक के आधार पर तैयार की जा रही है। कक्षा–9 एवं कक्षा–10 के लिए अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषय की संदर्शिका का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। इसका परीक्षण किया जा रहा है, ताकि कोई त्रुटि न रह जाए। इसी तरह कक्षा 11 एवं 12 के लिए अंग्रेजी, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीवविज्ञान विषय की शिक्षक संदर्शिका तैयार करने का कार्य प्रगति पर पर है। यह संदर्शिका सभी विद्यालयों में उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि शिक्षक उसका अध्ययन कर जान सकें कि किस तरह और किस दिन कितना पाठ्यक्रम पढ़ाना है। प्राचार्य ने बताया कि इस संदर्शिका के तैयार होने और इसी के अनुसार पढ़ाए जाने से प्रदेश भर के विद्यालयों में पढ़ाई को लेकर एकरूपता आएगी। प्रतिदिन का पाठ्यक्रम निर्धारित होने से इसकी मानीटरिंग भी की जा सकेगी और निर्धारित समय में पाठ्यक्रम भी पूरा किया जा सकेगा। संदर्शिका अंतिम रूप से फाइनल होने के बाद महानिदेशक स्कूल शिक्षा को भेजी जाएगी। स्वीकृति के बाद इसका प्रकाशन कराकर जिलों में भेजा जाएगा, ताकि अगले शैक्षिक सत्र से शिक्षक संदर्शिका के अनुरूप व्यवस्था संचालित हो सके।


दस दिन बीत








**यूपी बोर्ड के स्कूलों में हर दिन का तैयार हो रहा पाठ्यक्रम**



SHIKSHAK SANDARSHIKA
ENGLISH
CLASS- IX
INSTITUTE OF ADVANCED STUDY IN EDUCATION
(IASE), PRAYAGRAJ, UP



शिक्षक संदर्शिका
गणित
कक्षा - 9



विज्ञान
शिक्षक संदर्शिका
कक्षा - 9



Shikshak Sandarshika
ENGLISH
Class - X
Institute of Advanced Study in Education
(IASE), Prayagraj, UP


शिक्षक संदर्शिका
गणित
कक्षा - 10


शिक्षक संदर्शिका
कक्षा - 10
विज्ञान



SHIKSHAK
SANDARSHIKA
English
Class - XI
Institute of Advanced Study in Education
(IASE), Prayagraj, UP



शिक्षक संदर्शिका
गणित
कक्षा - 11



शिक्षक संदर्शिका
जीव विज्ञान
कक्षा - 11



शिक्षक संदर्शिका
कक्षा -11
भौतिक विज्ञान



शिक्षक संदर्शिका
कक्षा - 11
रसायन विज्ञान


SHIKSHAK
SANDARSHIKA
ENGLISH
Class -XII
Institute of Advanced Study in Education
(IASE), Prayagraj, UP


शिक्षक संदर्शिका
गणित
कक्षा - 12


शिक्षक संदर्शिका
जीव विज्ञान
कक्षा -12


शिक्षक संदर्शिका
भौतिक विज्ञान
कक्षा - 12


शिक्षक संदर्शिका
रसायन विज्ञान
कक्षा - 12

## • शिक्षक संदर्शिका कक्षा 09 व 10 गणित, अंग्रेजी एवं विज्ञान के अवशेष प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण










कक्षा 09 व 10 विषय– अंग्रेजी, गणित व विज्ञान के शिक्षक संदर्शिकाओं के मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण माह मार्च 2023 में आयोजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक डायट से प्रत्येक विषय के एक प्रवक्ता को प्रतिभाग एवं जी0आई0सी0 अथवा जी0जी0आई0सी0 से प्रत्येक विषय के दो–दो प्रवक्ताओं को प्रतिभाग किया जाना था। इस प्रकार प्रत्येक जनपद से 03–03 मास्टरट्रेनर प्रत्येक विषय के कुल 225 अर्थात 675 मास्टरट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। परन्तु प्रशिक्षण में सम्पूर्ण प्रदेश से कुल 406 प्रवक्ताओं ने प्रतिभाग किया है। शेष 269 सन्दर्भदाताओं का प्रशिक्षण 04 जुलाई 2023 से 19 जुलाई 2023 तक तीन चरणों में पूर्ण किया गया जिसमें विषय गणित में 41, अंग्रेजी में 60 एवं विज्ञान में 42 इस प्रकार कुल 143 डायट एवं जी0आई0सी0 अथवा जी0जी0आई0सी0 के प्रवक्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण डा0 रमेशचन्द्र, भूतपूर्व सलाहकार सी0बी0एस0ई0, डॉ0 जर्नादन सिंह, प्रवक्ता, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, श्री राहुल कुमार, प्रवक्ता–गणित जे0एन0एम0 इण्टर कालेज, रछौती, जनपद–मेरठ श्रीमती रेशू सिंह, प्रवक्ता–अंग्रेजी, ई0एल0टी0आई0, प्रयागराज श्रीमती शमा परवीन, अंग्रेजी इ0 प्रोफेसर, ई0एल0 टी0आई0, प्रयागराज, श्रीमती इन्द्रावती, अंग्रेजी प्रोफेसर ई0एल0टी0आई0, प्रयागराज, डॉ0 सन्दीप कुमार दुबे, प्रवक्ता अंग्रेजी ई0एल0टी0आई0, प्रयागराज, श्री कुलदीप पाण्डेय, प्रवक्ता अंग्रेजी ई0एल0टी0आई0, प्रयागराज श्रीमती कृष्णा कुमारी, प्रवक्ता अंग्रेजी ई0एल0टी0आई0, प्रयागराज डॉ. अशोक कुमार पाठक, एसासियेट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान, इ0क्रि0 कालेज, प्रयागरज, डॉ0 नीतू शर्मा, प्रवक्ता रसायन विज्ञान, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज श्री विपिन कुमार, प्रवक्ता भौतिक विज्ञान डायट, प्रयागरज, डॉ0 मो0 मसूद, भूतपूर्व प्रवक्ता रसायन विज्ञान, जमुना क्रिश्सिचन कालेज, प्रयागराज, श्री दयाशंकर यादव, प्रवक्ता जीव विज्ञान, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, डॉ0 सन्तोष श्रीवास्तव, एसोसियेट प्रोफेसर, सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रयागराज, डॉ0 अंजनी कुमार–भौतिक विज्ञान,सेवा निवृ0 एसोसियेट प्रोफेसर ई0सी0सी0, प्रयागराज श्री सत्यनारायण चौरासिया, भूतपूर्व जि0वि0निरीक्षक, श्री बृजबली सिंह, प्रवक्ता जीव विज्ञान, श्री रामप्रताप इ0का0, सिरसा प्रयागराज द्वारा प्रदान किया गया है।

## • शिक्षक संदर्शिका कक्षा 11 व 12 गणित, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के मास्टरट्रेनर का प्रशिक्षण

कक्षा 11 व 12 की शिक्षक संदर्शिका विषय गणित, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान के मास्टरट्रेनर के प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक विषय से जिसमें एक–एक प्रवक्ता डायट से एवं दो–दो प्रवक्ता जी0आई0सी0 / जी0जी0आई0सी0 प्रत्येक विषय में कुल 03 –03 प्रवक्ता इस प्रकार पांच विषय के कुल 1125 प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023–24 में प्रस्तावित किया था। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के पत्रांक / गु0वि0 / आई0ए0एस0ई0 / 5372 / 2023–24 दिनांक 01.08.2023 द्वारा आवंटित 50 प्रतिशत धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित विवरण के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया।

| क्र0सं0 | विषय | प्रशिक्षण की तिथियां | प्रशिक्षण हाल | कुल प्रतिभागी | डायट के प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भौतिक विज्ञान | 22,23 एवं 24 जनवरी, 2024 | शताब्दी हाल | 55 | |
| 2 | अंग्रेजी | 31 जनवरी, 01 एवं 02 फरवरी, 2024 | डॉ0 सम्पूर्णानन्द | 61 | |
| 3 | गणित | 31 जनवरी, 01 एवं 02 फरवरी, 2024 | शताब्दी हाल | 60 | |
| 4 | रसायन विज्ञान | 06,07 एवं 08 फरवरी, 2024 | डॉ0 सम्पूर्णानन्द | 49 | |
| 5 | जीव विज्ञान | 06,07 एवं 08 फरवरी, 2024 | शताब्दी हाल | 54 | |
| 6 | अंग्रेजी | 10,11 एवं 12 जनवरी, 2024 | शताब्दी हाल | **57** | जी0आई0सी0 / जी0जी0आई0सी0 के प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण |
| 7 | गणित | 10,11 एवं 12 जनवरी, 2024 | डॉ0 सम्पूर्णानन्द | 57 | |
| 8 | भौतिक विज्ञान | 18,19 एवं 20 जनवरी, 2024 | डॉ0 सम्पूर्णानन्द | 54 | |
| 9 | रसायन विज्ञान | 18,19 एवं 20 जनवरी, 2024 | शताब्दी हाल | 61 | |
| 10 | जीव विज्ञान | 22,23 एवं 24 जनवरी, 2024 | डॉ0 सम्पूर्णानन्द | 58 | |
| | | | **कुल** | **566** | |

**प्रशिक्षण प्रदेश के सम्बन्धित विषयों के कुल 566 प्रवक्ताओं ने प्रतिभाग किया एवं प्रशिक्षण संस्थान के** शताब्दी हाल एवं डॉ0 सम्पूर्णानन्द प्रशिक्षण हाल में सम्पन्न किया गया।

**प्रशिक्षण प्रदान करने वाले सन्दर्भदाताओं के नामः–** डॉ0 रमेश चन्द्र, भूतपूर्व सलाहकार, सी0बी0एस0ई0, डॉ0 जर्नादन सिंह, प्रवक्ता गणित राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, श्रीमती रेशू सिंह, प्रवक्ता, अंग्रेजी ई0एल0टी0आई0, प्रयागराज श्री कुलदीप पाण्डेय, प्रवक्ता अंग्रेजी ई0एल0टी0आई0, प्रयागराज, श्रीमती कृष्णा कुमारी, प्रवक्ता अंग्रेजी ई0एल0टी0आई0, प्रयागराज, श्री भगवान तिवारी सेवा0निवृ0 प्रवक्ता अंग्रेजी सी0टी0ई0, प्रयागराज, डॉ0 प्रत्यूष चन्द्र, प्रोफेसर अंग्रेजी, वी0एस0एस0डी0 कालेज, कानपुर, श्री जयदीप गंगुली, प्रवक्ता अंग्रेजी, एग्लो बंगाली, इ0का0, प्रयागराज डॉ. अशोक कुमार पाठक, प्रवक्ता, भौतिक विज्ञान, इ0क्रि0कालेज, प्रयागराज, डॉ0 नीतू शर्मा,प्रवक्ता राज्य रसायन विज्ञान, राज्य शिक्षा संस्थान, प्रयागराज, श्री विपिन कुमार, प्रवक्ता भौतिक विज्ञान, डायट प्रयागराज, डॉ0 के0एन0 उत्तम, प्रोफेसर / एच0ओ0डी0, भौतिक विज्ञान, इलाहाबाद, वि0वि0, प्रयागराज, डॉ0 राकेश श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रयागराज, डॉ0 मो0 मसूद, सेवा0 प्रवक्ता, जमुना क्रिश्चियन इ0का0, प्रयागराज, डॉ0 सन्तोष श्रीवास्तव, एसोसियेट प्रोफेसर, सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रयागराज, डॉ0 अंजनी कुमार– सेवानिवृत्त प्रोफेसर भौतिक विज्ञान, इ0सी0सी0 प्रयागराज, डॉ0 मरविन मैसे, सेवानिवृत्त प्राचार्य, इ0सी0सी0, प्रयागराज, श्री सत्यनारायण चौरासिया, भूतपूर्व जि0वि0निरीक्षक, डॉ0 भूपेश त्रिपाठी, एसो0प्रो0 गणित, सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रयागराज, डॉ0 गीता यादव, असिसटेन्ट प्रोफेसर जीव विज्ञान, के0एन0पी0जी0 ज्ञानपुर भदोही, डॉ0 अलोक कुमार सिंह, असिसटेन्ट प्रोफेसर सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रयागराज, डॉ0 आशुतोष कुमार सिंह, असिसटेन्ट प्रोफेसर डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय डिग्री कालेज, भदोही, डॉ0 यशवन्त कुमार सिंह,

प्रवक्ता जीव विज्ञान, असिसटेन्ट प्रोफेसर सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रयागराज, डॉ0 अजीत कुमार सिंह, प्रवक्ता जीव विज्ञान, असिसटेन्ट प्रोफेसर सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रयागराज, हिमानी चौरासिया, प्रोफेसर, सी0एम0पी0 डिग्री कालेज, प्रयागराज।


1889 उम्मीदवारों के क्रेट-2022 के लेवल वन में सफल होने के बाद प्रवेश की औपचारिकता शुरू की गई

2873 परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन का स्तर बढ़ाने को कराई जा चुकी है अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी

## विद्यार्थियों को पढ़ाने के पहले पढ़ रहे गुरुजी

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज: तकनीक और इंटरनेट मीडिया के दौर में माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को रोचक ढंग से पढ़ाने के लिए शासन और सरकार ने पहल की है। इसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के निर्देश पर विषयवार शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है ताकि विद्यार्थियों का विद्यालय और पाठ्यक्रम के प्रति रुझान बढ़े। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले से विषय के तीन शिक्षकों को बुलाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित यह शिक्षक जिले में जाकर विषय के अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, ताकि सभी विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

यह प्रशिक्षण इंस्टीट्यूट आफ एडवांस स्टडीज इन एजुकेशन (आइएएसई) प्रयागराज में चल रहा है। सोमवार को हाईस्कूल अंग्रेजी विषय के 63 शिक्षक विभिन्न जिलों से सम्मिलित हुए। डेढ़-डेढ़ घंटे का चार सत्र में प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षकों को बताया गया है कि रोचकता से अध्यापन करने पर ही विद्यार्थियों को विषय के प्रति लगाव बढ़ेगा। प्रशिक्षण का यह क्रम दो दिन और चलेगा। इसके बाद विज्ञान के शिक्षकों को आमंत्रित कर प्रशिक्षित किया जाएगा। प्राचार्य संतराम सोनी ने बताया कि प्रशिक्षण में अन्य शिक्षण संस्थानों के साथ सेवानिवृत्त विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षकों के रोचक तरीके से पढ़ाने से विद्यार्थियों की पाठ्यक्रम के प्रति रुचि बढ़ेगी, जिससे वह विषय को आसानी से समझ सकेंगे।

आइएएसई में हाईस्कूल के अंग्रेजी विषय के शिक्षकों को प्रशिक्षण देती विशेषज्ञ • सौ: अरविंद साहू






















## • योग प्रशिक्षण

**वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023–24 में प्रस्तावित एवं** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के पत्रांक/गु0वि0/आई0ए0एस0ई0/5372/2023–24 दिनांक 01.08.2023 द्वारा स्वीकृत योग प्रशिक्षण संस्थान में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 19.06.2023 से 21.06.2023 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण संस्थान के खेल मैदान में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनपद प्रयागराज के प्राइमरी/उच्च प्राइमरी के 50 अध्यापक/अध्यापिकाओं ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया एवं प्रशिक्षण सुश्री दीप्ती योगेश्वर, योग प्रशिक्षिका उ0मा0सं0 केन्द्र, प्रयागराज, श्रीमती रूचि गुप्ता, राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त योग प्रशिक्षिका द्वारा विभिन्न प्रकार के योग एवं प्राणयाम का प्रशिक्षण बहुत ही कुशल तरीके से प्रदान किया गया।














## • आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण

**वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023–24 में प्रस्तावित एवं** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के पत्रांक / गु0वि0 / आई0ए0एस0ई0 / 5372 / 2023–24 दिनांक 01.08.2023 द्वारा स्वीकृत **आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण** संस्थान में चार फेरों क्रमशः 21,22,23 अगस्त 2023 एवं 24, 25, 26 अगस्त 2023, 21,22,23 मार्च 2024 एवं 27,28,29 मार्च 2024 50–50 प्रतिभागियों के साथ कुल 200 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। प्रशिक्षण प्रयागराज मण्डल के माध्यमिक, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को प्रदान किया गया। प्रशिक्षण श्री अवधेश कुमार गंगवार, समन्वयक एवं फोकल प्वाइंट आर0सी0ई0, श्रीनगर, डा0 एस0के0 सिंह निदेशक, V.I.K.A.S. प्रयागराज, डॉ0 रमेशचन्द्र, डॉ0 रमेश चन्द्र, भूतपूर्व सलाहकार, सी0बी0एस0ई0,, श्री कड़ेदीन यादव, सहायक आपदा विशेषज्ञ, (सेवा0 निवृत्त प्रभारी जल पुलिस) डॉ0 मो0 मसूद, सेवा0 प्रवक्ता, जमुना क्रिश्चियन इ0का0, प्रयागराज, डॉ0 रवि कुमार, चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र, मऊआइमा, प्रयागराज, श्री रवि उपाध्याय, फायर मैन, प्रयागराज श्री राकेश कुमार तिवारी, वरिष्ठ सहायक, उप नियत्रंक, नागरिक सुरक्षा आपदा प्रबन्धन, प्रयागराज, श्री राजेश कुमार चौरासिया, जिला अग्निशमन अधिकारी, प्रयागराज द्वारा प्रदान किया गया।







### शिक्षकों ने सीखे बाढ़ और आग से बचाव के उपाय

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज : माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षित करने के लिए शिक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रदेश भर से आए शिक्षकों को आपदा प्रबंधन से जुड़े विशेषज्ञों ने उपायों बताए। कृत्रिम आपदा के माध्यम से प्रायोगिक ढंग से समझाया।

यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण महानिदेशक स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद के निर्देश पर इंस्टीट्यूट आफ एडवांस स्टडीज इन एजूकेशन (आइएएसई) में प्राचार्य संतराम सोनी के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रयागराज में कई माघ मेले व कुंभ मेले में जल पुलिस प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल चुके कड़ेदीन यादव (अब सेवानिवृत्त) ने प्रशिक्षण के अंतिम दिन शनिवार को प्रथम चक्र में उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने बाढ़ के दौरान बचाव के उपायों पर चर्चा की। पानी में डूब रहे लोगों को बचाकर प्राथमिक चिकित्सा दिए जाने का तरीका प्रदर्शन करके समझाया। द्वितीय चक्र में सहायक उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा राकेश कुमार तिवारी ने आपदा की अवधारणा आदि बताई। प्रशिक्षण के दौरान गैस सिलिंडर में आग लगने पर बुझाने और बचाव का तरीका भी बताया गया। संस्थान प्रवक्ता उपेन्द्र नाथ सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

आइएएसई संस्थान में प्रशिक्षण के दौरान सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का तरीका शिक्षकों को सिखाया गया। • सौ. अरविंद साहू







### आईएएसई प्रयागराज में आपदा प्रबंधन के द्वितीय फेरा का हुआ समापन

प्रयागराज। आईएएसई, प्रयागराज में प्राचार्य संत राम सोनी के निर्देशन में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षको का आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का (द्वितीय फेरा) सम्पन्न हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा आपदा सम्बंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।तृतीय दिवस शनिवार को प्रथम सत्र में कड़ेदीन यादव (सेनि, प्रभारी जल पुलिस) ने बाढ़ आने के कारण, बाढ़ से बचाव के उपायों की चर्चा, जल में डूबने के बाद प्राथमिक चिकित्सा का प्रदर्शन किया। साथ ही शिक्षकों को रोचक तरीकों से अवगत कराया।द्वितीय सत्र में राकेश कुमार तिवारी, सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा ने आपदा की अवधारणा, आपदाओं के प्रकार, आपदाओं का सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव, उत्तर प्रदेश राज्य में आपदा सम्बंधी संवेदनशीलता, समस्या एवं समुदाय पर पड़ने वाले प्रभाव आदि विषयों पर महतवपूर्ण जानकारी प्रदान किया। भोजन अवकाश के बाद प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण का फीडबैक प्रस्तुत किया।आज सम्पन्न हुए प्रशिक्षण के द्वितीय फेरा में संस्थान की प्रवक्ता अमिता सिंह, [illegible]

## • आई0सी0टी0 प्रशिक्षण

**वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2023–24 में प्रस्तावित एवं** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के पत्रांक / गु0वि0 / आई0ए0एस0ई0 / 5372 / 2023–24 दिनांक 01.08.2023 द्वारा स्वीकृत **आई0सी0टी0 प्रशिक्षण** संस्थान में चार फेरों क्रमशः 11.09.2023 से 13.09.2023 एवं 14.09.2023 से 16.09.2023 तक एवं 21,22,23 मार्च 2024 एवं 27,28,29 मार्च 2024 50–50 प्रतिभागियों के साथ कुल 200 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। प्रशिक्षण प्रयागराज मण्डल के माध्यमिक, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को प्रदान किया गया। प्रशिक्षण डॉ0 रमेशचन्द्र, श्री कवीन्द्र कण्डपाल, असिसटेन्ट प्रोफेसर आई0आई0आई0 टी0 प्रयागराज, श्री आशीष खरे, प्रोफेसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज श्री सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, पुस्तकालयाध्यक्ष, एन0आर0आई0पी0टी0, प्रयागराज श्री अश्वनी कुमार सिंह, निदेशक, शौयादित्य सोल्यूशन प्रा0 लि0, लखनऊ, श्री गौतम मिश्रा, एजुकेशनल कन्सलटेन्ट, वाराणसी सन्दर्भदाताओं द्वारा प्रदान किया गया।





### प्रशिक्षणसे बढ़ती है शिक्षण की गुणवत्ता–संयुक्त शिक्षा निदेशक

राजकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का त्रिदिवसीय आईसीटी गुणवत्ता संवर्द्धन प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार से शुरू हो गया है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के आदेशानुसार एवं आईएएसई प्रयागराज के प्राचार्य, संयुक्त शिक्षा निदेशक संत राम सोनी के निर्देशन में प्रशिक्षण शुरू हुआ है। संस्थान की अनुदेशक डॉ रूपाली दिव्यम ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अनुदेशक स्मिता जायसवाल ने प्रतिभागियों को संस्थान के गौरवपूर्ण इतिहास से अवगत कराया। संस्थान के प्रवक्ता उपेन्द्रनाथ सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत कर संबोधित किया। प्रथम सत्र में गौतम मिश्र शैक्षिक परामर्शदाता प्रधानाचार्या पाठशाला बनारस ने इन्टीग्रेटेड टीचिंग विभिन्नविषयों में एप्लीकेशन की जानकारी प्रदान की। अश्वनी सिंह निदेशक शौर्यादित्य ऑपरेटिंग सिस्टम, एप्लीकेशन साफ्टवेयर, यूटीलिटी, सॉफ्टवेयर, यूटीलिटी सॉफ्टवेयर एमएस वर्ड, एमएस एक्सल की फण्डामेंटल जानकारी प्रदान की और लैपटॉप और मोबाइल पर भी प्रेक्टिकल कराया गया। तृतीय सत्र में डॉ रमेश चन्द्र श्रीवास्तव सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजकीय इकाई अयोध्या ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस थिंकिग और माध्यम से शिक्षण करना बहुत रोचकता पूर्वक समझाया। प्रशिक्षण में संस्थान की प्रवक्ता दरख्शां आब्दी, अमिता सिंह, रणजीत, उपेन्द्रनाथ सिंह एवं अनुदेशक डॉ मीनाक्षी पाल, डॉ संतोष खन्ना, स्मिता जायसवाल, डॉ रूपाली दिव्यम आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### प्रशिक्षण से बढ़ेगी शिक्षण की गुणवत्ता....संतराम सोनी

#### आईएएसई में तीन दिवसीय आईसीटी गुणवत्ता संबंर्धन प्रशिक्षण शुरू

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा उप्र, लखनऊ के आदेशानुसार एवं आईएएसई प्रयागराज के प्राचार्य संयुक्त शिक्षा निदेशक संत राम सोनी के निर्देशन में राजकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का त्रिदिवसीय आईसीटी गुणवत्ता संवर्द्धन प्रशिक्षण का आयोजन आज से शुरू हो गया है।संस्थान के प्राचार्य के मार्गदर्शन में अश्वनी सिंह पूर्व निदेशक शौर्यादित्य सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संस्थान के एकेडमिक सदस्यों के साथ दीप प्रज्ज्वल किया और सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। संस्थान की अनुदेशक डॉ रूपाली दिव्यम ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अनुदेशक स्मिता जायसवाल ने प्रतिभागियों को संस्थान के गौरवपूर्ण इतिहास से अवगत कराया। संस्थान के प्रवक्ता उपेन्द्रनाथ सिंह ने प्रतिभागियों का स्वागत कर संबोधित किया।

प्रथम सत्र में गौतम मिश्र शैक्षिक परामर्शदाता प्रधानाचार्या पाठशाला बनारस ने इन्टीग्रेटेड टीचिंग विभिन्न विषयों में एप्लीकेशन की जानकारी प्रदान की। भोजनावकाश के बाद अश्वनी सिंह निदेशक शौर्यादित्य सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने ऑपरेटिंग सिस्टम, एप्लीकेशन साफ्टवेयर, यूटीलिटी, सॉफ्टवेयर, यूटीलिटी सॉफ्टवेयर एमएस वर्ड, एमएस एक्सल की फण्डामेंटल जानकारी प्रदान की और लैपटॉप और मोबाइल पर भी प्रेक्टिकल कराया गया। तृतीय सत्र में डॉ रमेश चन्द्र श्रीवास्तव सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजकीय इका अयोध्या ने आर्टिफिशियल इटेंलिजेंस थिंकिग और माध्यम से शिक्षण करना बहुत रोचकता पूर्वक समझाया। प्रशिक्षण में संस्थान की प्रवक्ता दरख्शां आब्दी, अमिता सिंह, रणजीत, उपेन्द्रनाथ सिंह एवं अनुदेशक डॉ मीनाक्षी पाल, डॉ संतोष खन्ना, स्मिता जायसवाल, डॉ रूपाली दिव्यम आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण में संस्थान के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

